मि.सं.1-2(चि.अ.)/2015-ग्रा.स्वा.

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय,

ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र,

नजफगढ,नई दिल्ली-110043.

ईमेल-rhtcnajafgarh@gmail.com

दिनांक 7.12.2015

## रिक्ति सूचना

**ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ़ , नई दिल्ली -43 में अनुबंध के आधार पर सलाहकार ( प्रसूति एवं स्त्री रोग ) के लिए ।**

ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र नजफगढ में 65 वर्ष तक की आयु के मेडिकल कांउसिल आफ इंडिया (एम.सी.आई.) द्वारा मान्यता प्राप्त मेडिकल कालिज से एमबीबीएस व पीजी ( प्रसूति एवं स्त्री रोग) योग्यता तथा मेडिकल कांउसिल आफ इंडिया/राज्य मेडिकल कांउसिल से पंजीकृत मेडिकल स्नातकों से अस्थायी सलाहकार ( प्रसूति एवं स्त्री रोग ) पद हेतु नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किया है:

| | | |
|---|---|---|
| 1. आयु | : | 65 वर्ष से कम |
| 2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | : | मेडिकल कांउसिल आफ इंडिया (एम.सी.आई.) द्वारा मान्यता प्राप्त मेडिकल कालिज से एमबीबीएस व पीजी ( प्रसूति एवं स्त्री रोग) योग्यता तथा मेडिकल कांउसिल आफ इंडिया/राज्य मेडिकल कांउसिल से पंजीकृत |
| 3. पारिश्रमिक | : | समेकित राशि रूपये 45000/- प्रति माह |
| 4. नियुक्ति की अवधि | : | शुरू में छः माह के लिए |
| 5. रिक्तियों की संख्या | : | 01 (एक) |
| 6. पोस्टिंग की जगह | : | चयनित अभ्यर्थी ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र में किसी भी विभाग में निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द के अधीन कार्य करेंगे । |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा के साथ सत्यापित शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि और अनुभव प्रमाण पत्र, इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के सात दिनों के अन्दर, ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द, नजफगढ, नई दिल्ली -43 को भेजे । इच्छुक अभ्यर्थी **दिनांक 22.12.2015, 2:30 बजे अपराहन को सीधे साक्षात्कार के लिए निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र के कक्ष में प्रस्तुत हो सकते हैं ।**

डा. आर.एन. राय

निदेशक

Dr. Raj Narain Rai

दूरभाष : 011-25321874/25321848

Rural Health Training Centre
M/o Health & Family Welfare
Najafgarh, New Delhi-110043

भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय,
ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र,
नजफगढ,नई दिल्ली-110043.

**अनुबंध के आधार पर सलाहकार ( प्रसूति एवं स्त्री रोग ) की नियुक्ति के लिए नियम एवं शर्ते ।**

1. नियुक्ति पूर्ण् रुप से अनुबंध के आधार पर कार्यभार संभालने की तिथि से छह माह के लिये (जिसे सतोषजनक कार्य निष्पादन के अनुसार एक वर्ष के लिए बढाया जा सकता है ।) या नियमित भर्ती होने, जो भी पहले हो तक होगी। नियुक्ति किसी भी समय (किसी भी तरफ से) सात दिनों के नोटिस देकर या एक माह का वेतन देकर बिना कारण बताए या छह: माह की संतोषजनक अवधि पूर्ण होने से पहले सक्षम अधिकारी द्वारा समाप्त की जा सकती है ।
2. चयनित अभ्यर्थी दिये गये कार्य का निष्पादन करेगा/करेगी । सक्षम प्राधिकारी आवश्यकत्तानुसार किसी भी तरह का कार्य दे सकते हैं । इस तरह के कार्य निष्पादन हेतु कोई भी अतिरिक्त भत्ता नहीं दिया जाएगा ।
3. चयनित अभ्यर्थी नियमित अधिकारी एवं कर्मचारी को मिलने वाले किसी भी तरह के लाभ जैसे कि भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेच्युटी, चिकित्सा लाभ आदि का हकदार नहीं होगा ।
4. चयनित अभ्यर्थी को गैर अभ्यास भत्ता नहीं दिया जाएगा ।
5. चयनित अभ्यर्थी सीएचएस के अधीन किसी भी तरह की नियमित नियुक्ति का दावा करने का हकदार नहीं होगा ।
6. केवल समेकित पारिश्रमिक देय होगा । सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी को मिलने वाले भत्ते देय नहीं होंगे ।
7. चयनित अभ्यर्थी संस्थान में पूर्णकालिक होंगे और कोई अन्य नियुक्ति स्वीकार नहीं करेंगे एवं अनुबंधित के दौरान किसी भी तरह का निजि अभ्यास नहीं करेंगे ।
8. सलाहकार ( प्रसूति एवं स्त्री रोग ) जहां तक संभव हो दवाइंयों के रेशनल प्रेसक्रिप्सन (साक्ष्य आधारित चिकित्सा के अनुसार) सुनिश्चित करेंगे और जेनेरिक दवाइया प्रेसक्राइब करेंगे । .
9. क्योंकि यह भर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में है, इसलिए माह में साप्ताहिक अवकाश के अतिरिक्त केवल एक ही आकस्मिक अवकाश स्वीकार्य होगा ।

डा. आर.एन. राय
निदेशक
ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र,
नजफगढ, नई दिलली – 110043
ईमेल-**rhtcnajafgarh@gmail.com**
दूरभाष : 011-25322065

निर्देशक /Director
ग्रामीण स्वा... शिक्षण केन्द्र,
Rural Hea... ning Centre
स्वास्थ्य एवं ... कल्याण मंत्रालय
M/o Health & Family Welfare
नजफगढ, नई दिल्ली-110043
Najafgarh, New Delhi-110043

# आवेदन फार्म

स्वयं प्रमाणित
फोटोग्राफ

1. नाम
2. जन्म तिथि
3. लिंग
4. पत्राचार का पता
5. मोबाइल नं.
6. ईमेल आईडी
7. शैक्षणिक योग्यता
8. सेवा से संबंधित अनुभव का विवरण
9. प्रशिक्षण, यदि कोई हो, का विवरण
10. संलग्न दस्तावेज
    - एमबीबीएस/स्नातकोत्तर डिग्री की सत्यापित प्रति
    - आयु प्रमाण पत्र
    - दो पासपोर्ट साइज् फोटो
    - मेडिकल कांउसिल आफ इंडिया/राज्य मेडिकल कांउसिल से पंजीकरण की प्रति

दिनांक:

स्थान:

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर